सं. 12016/18/2022-रा.भा.(का.2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

चतुर्थ तल, एनडीसीसी-II भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 31.08.2022

परिपत्र

विषय: हिंदी दिवस, 2022 और द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत के लिए निमंत्रण पत्रों का वितरण का विवरण।

हिंदी दिवस और द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत के लिए निमंत्रण पत्रों का वितरण निम्नानुसार किया जाएगा:-

क्र. सं.	विशिष्ट पहचान (यूनिक आईडी) संख्या	निमंत्रण पत्र वितरित करने की तिथि एवं समय	निमंत्रण पत्र वितरित करने का स्थान
I	01 से 4160 तक	5 से 8 सितंबर, 2022 प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक	सभागार, प्रथम तल, एनडीसीसी-II भवन, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
II	4161 से आगे	5 से 8 सितंबर, 2022 प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक	सभागार, द्वितीय तल, एनडीसीसी-II भवन, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
III	दिल्ली से प्राप्त न कर पाने की अपरिहार्य स्थिति में	12 एवं 13 सितंबर, 2022 प्रात: 10.00 बजे से रात्रि 8 बजे तक	पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत

कृपया निम्नलिखित बिंदुओ पर विशेष ध्यान दें:-

1. सम्मेलन स्थल (पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत) पर प्रवेश निमंत्रण पत्रों के आधार पर ही होगा।
2. कृपया सुनिश्चित करे कि निमंत्रण पत्र हर हाल में दिल्ली में 5 से 8 सितंबर, 2022 तक और सूरत में 12 एवं 13 सितंबर, 2022 को प्राप्त कर लिए जाएं। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के 13 सितंबर की रात्रि तक अथवा 14 सितंबर, 2022 की सुबह सूरत पहुँचने की संभावना है, वे कृपया सुनिश्चित करें कि अपना निमंत्रण पत्र हर हाल में दिल्ली अथवा सूरत से ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार पहले प्राप्त कर लें।
3. **14 सितंबर, 2022 को कोई निमंत्रण पत्र वितरित नहीं किया जाएगा।**
4. निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए पंजीकरण के पश्चात आपके ईमेल पर प्राप्त **विशिष्ट पहचान संख्या (यूनिक आईडी) का प्रिंट और पहचान पत्र (आईकार्ड) की छायाप्रति आवश्यक है।**
5. यदि किसी कार्यालय से एक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन मे भाग ले रहे हैं तो निमंत्रण पत्र लेने के लिए सभी का आना आवश्यक नहीं है। भाग लेने वालो मे से कोई एक अधिकारी/कर्मचारी ये निमंत्रण पत्र प्राप्त कर सकते है। वे अन्य सभी अधिकारियों/कार्मचारियों की विशिष्ट पहचान संख्या संबंधी ईमेल के प्रिंट एवं उनके पहचान पत्र (आईकार्ड) की छायाप्रति साथ लेकर आएं।

6. संयुक्त सचिव, उनके समकक्ष एवं उनसे उच्च अधिकारियों को वीआईपी निमंत्रण पत्र जारी किए जाएंगे। ऐसे सभी संबंधित अधिकारियों का पंजीकरण कराना एवं उनके निमंत्रण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित कर लिया जाए।

7. निमंत्रण पत्र प्राप्त कर लेने के बाद यह अपेक्षा की जाती है कि सीधे 14 सितंबर, 2022 को सम्मेलन स्थल पर भाग लेने हेतु यथासमय पहुँचेंगे। सम्मेलन संबंधी किट आपको वहीं प्राप्त होगी।

8. सैफरान, तिरंगा एवं ब्लू स्ट्रीप कार्ड धारक को सम्मेलन स्थल हेतु प्रवेश की अनुमति गेट सख्या C-1 एवं C-2 से दी जाएगी। इनके बैठने की व्यवस्था सम्मेलन स्थल पर भूतल पर की गई है।

9. अन्य सभी प्रतिभागी/आमंत्रितों को प्रवेश की अनुमति गेट संख्या C एवं D से दी जाएगी। इनके बैठने की व्यवस्था सम्मेलन स्थल पर प्रथम तल पर की गई है।

31/08/22

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
उप निदेशक (रा.भा.)
फोन: 23438151

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/अधीनस्थ कार्यालय/संबद्ध कार्यालय/ उपक्रम एवं बैंक आदि